मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति
बिहार सरकार

संख्या–cm-563
23/12/2022

# मुख्यमंत्री ने मैथिली के साहित्यकार श्री अजीत आजाद एवं प्रसिद्ध समाज वैज्ञानिक और कवि श्री बद्री नारायण को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिलने पर बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 23 दिसम्बर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मैथिली के साहित्यकार श्री अजीत आजाद एवं प्रसिद्ध समाज वैज्ञानिक और कवि श्री बद्री नारायण को वर्ष 2022 का साहित्य अकादमी पुरस्कार मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। मधुबनी के के रहनेवाले श्री अजीत आजाद को मैथिली भाषा में लिखी पुस्तक 'पेन ड्राइव में पृथ्वी' के लिये यह सम्मान दिया गया है, जबकि भोजपुर के रहनेवाले प्रसिद्ध समाज वैज्ञानिक और कवि श्री बद्री नारायण को हिन्दी कविता संग्रह 'तुमड़ी के शब्द' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि यह बिहार के लिये बेहद गौरव की बात है। उन्होंने कहा है कि बिहार से ताल्लुक रखने वाले दोनों रचनाकारों की इस उपलब्धि पर सम्पूर्ण बिहारवासियों को गर्व है।

******